टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड रैंकिंग : 301-400 ब्रैकेट में मिला स्थान

# इंजीनियरिंग व टेक्नोलॉजी साइटेशन में अव्वल रहा आइआइटी इंदौर




पत्रिका PLUS रिपोर्टर

इंदौर ◆ वैश्विक स्तर पर 903 संस्थानों में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आइआइटी) इंदौर को इस साल इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी में द टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड रैंकिंग में 301-400 ब्रैकेट में स्थान दिया गया है। देश में टॉप 10 संस्थानों में जगह बनाने में कामयाब रहा। इसमें 82.7 स्कोर के साथ साइटेशन कैटेगरी में नंबर 1 पर रहा। इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल एंड एयरोस्पेस, सिविल, केमिकल और जनरल इंजीनियरिंग विषयों को मिलाकर यह कैटेगरी तैयार की गई है।

इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी रैंकिंग के लिए दो मानदंड शामिल किए जाते हैं। पहला- पिछले पांच सालों में 500 पेपर्स का प्रकाशन और दूसरा अपने स्टाफ की कम से कम चार प्रतिशत संख्या इंजीनियरिंग व टेक्नोलॉजी विभाग में पदस्थ रहे।

## इस तरह रहा वैटेज




**शुरुआत से ही रिसर्च पर फोकस** : रैंकिंग के बाद आइआइटी डायरेक्टर प्रो. प्रदीप माथुर ने खुशी जाहिर की और कहा, शुरुआत से ही रिसर्च पर ज्यादा ध्यान के परिणाम अब सामने आने लगे हैं। हमारे पास रिसर्च के लिए स्टेट ऑफ द आर्ट सुविधाएं हैं। साथ ही दुनियाभर से बेस्ट फैकल्टी की पहचान और भर्ती में आक्रमक नीति अपनाई है। नई रैंकिंग से केंद्र सरकार की इंस्टिट्यूट ऑफ एमिनेंस के लिए हमारे दावे को अधिक बल मिलेगा।

Patrika (Indore), 1st December 2018, Patrika Plus, Page-13